
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पंजाब बोर्ड ने जारी किया 12वीं क्लास का रिजल्ट, ऐसे करे फंटाफट चेक।

Publisher

Published on 14 May 2025




## पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं क्लास का परिणाम जारी कर दिया है. जिसे छात्र-छात्राएं आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते है.

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB) ने 12वीं क्लास का रिजल्ट जारी कर दिया है. जिन छात्रों ने इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी, वे अब अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर जाकर चेक कर सकते हैं.

इस साल पंजाब बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं 19 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गई थीं. छात्र रिजल्ट यहां दिए गए स्टेप्स की मदद से देख सकते हैं. इस साल एग्जाम में 91 फीसदी स्टूडेंट्स सफल हुए हैं. ग्रामीण एरिया के 92.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 92.57 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं.

### ऐसे करे ऑनलाइन रिजल्ट डाउनलोड

स्टेप 1: छात्र सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in पर जाएं.
स्टेप 2: इसके बाद छात्र होमपेज पर दिए गए "PSEB 12th Result 2025" लिंक पर क्लिक करें.
स्टेप 3: फिर छात्र रोल नंबर दर्ज कर लॉग इन करें.
स्टेप 4: अब छात्र का रिजल्ट स्क्रीन पर खुल जाएगा.
स्टेप 5: अब छात्र रिजल्ट को डाउनलोड करें.
स्टेप 6: अंत में छात्र आगे के लिए प्रिंट आउट लेकर सेव रखें.

### SMS से भी देखे रिजल्ट

अगर आपके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है, तो परेशान न हों. आप SMS के जरिए भी अपना स्कोर जान सकते हैं. इसके लिए मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर टाइप करें. PB12 <स्पेस> रोल नंबर और भेज दें 5676750 पर. कुछ ही देर में बोर्ड की तरफ से आपके नंबर SMS के जरिए भेज दिए जाएंगे.

पिछले साल का प्रदर्शन
पिछले साल 2024 में 12वीं का रिजल्ट 30 अप्रैल को आया था, जिसमें कुल 2,84,452 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमें से 2,64,662 ने सफलता हासिल की थी और कुल पास प्रतिशत 93.04% रहा था. लड़कियों ने 95.74% और लड़कों ने 90.74% सफलता हासिल की थी.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.